समाचार

# सेल्फी जोन बन रहा लोगों के आकर्षण का केन्द्र

## ('' लव कोरबा '' सेल्फी जोन में सेल्फी लेने जुट रहे लोग)

### (सी.एस.ई.बी. चौक अप्पू गार्डन के सामने निगम ने बनाया '' लव कोरबा '' सेल्फी जोन)




कोरबा 06 नवम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर सी.एस.ई.बी. चौक से आगे अप्पू गार्डन के सामने मुख्य मार्ग पर निगम द्वारा '' लव कोरबा '' सेल्फी जोन का निर्माण कराया गया है। यह सेल्फी जोन लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। औद्योगिक नगरी कोरबा की पहचान बने औद्योगिक क्षेत्र की थीम पर बनाए गए '' लव कोरबा '' सेल्फी जोन से एक ओर जहां उक्त स्थान को नया लुक मिला है, वहीं दूसरी ओर अपने कोरबा शहर से प्रेम करने का संदेश छिपा है। उक्त सेल्फी जोन में '' लव कोरबा '' के साथ अपनी सेल्फी लेने प्रतिदिन काफी संख्या में लोग आते हैं, सेल्फी लेते हैं तथा निगम के इस रचनात्मक कार्य की सराहना करते हैं।

सभापति के साथ आयुक्त पहुंचे सेल्फी जोन – आज आयुक्त श्री राहुल देव, निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर के साथ सेल्फी जोन पहुंचे तथा सेल्फी ली, इस दौरान उन्होने उक्त सेल्फी जोन को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।